कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)

//निविदा सूचना//

कमांक 768/निविदा/लोक/2018-19, राजनांदगांव दिनांक 27/7/2018

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा निम्न कार्य हेतु कंपनी/फर्म/एंजेसी/से आयटम दर के आधार पर मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोष्ट/कुरियर द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे आमंत्रित करती है। निविदा प्रपत्र निविदाकार को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के पूर्व निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालयीन अवधि में प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेबसाईट से सीधे निविदा प्रपत्र डाऊनलोड कर निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित राशि की अतिरिक्त डिमांड ड्राफ्ट सहित भरी हुई निविदा में अमानत राशि के साथ प्रेषित कर सकेंगे ।

1. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13/08/2018 शाम 5.00 बजे तक
2. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि 14/08/2018 शाम 5.00 बजे तक

कार्यपालन अभियंता के कक्ष में नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

क.	कार्य का नाम	लागत राशि लाख रूपये में	अमानती राशि रूपये में	निविदा फार्म	निविदा प्रपत्र मूल्य रूपये में	समयावधि माह
1	2	3	4	5	6	7
1	टांकाधर स्थित पानी टंकी का पेटिंग डिजाइनिंग कर सौंदर्यीकरण कार्य (अधोसंरचना मद)	4.90	5000.00	बी	750.00	01 माह

शर्तें:-

1 सशर्ते निविदा मान्य नहीं होगी ।

2 अमानत राशि का एफ.डी.आर निविदा के साथ संलग्न करना एवं लिफाफे में उसका विवरण अंकित करना होगा ।

3 निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार निविदा प्रपत्र भरने हेतु आवेदन प्रस्तुत करते समय अपने आवेदन में कार्य का स्पष्ट उल्लेख करना होगा । कांट-छांट या अपलेखन मान्य नहीं किये जावेगे । निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कराने उपरांत ही आवेदन संबंधित शाखा में प्रस्तुत करना होगा

4 दरें अंकों एवं शब्दों में स्पष्ट अंकित करना होगा । कांट-छांट या अपलेखन मान्य नहीं किये जायेगें ।

5 दरे ईकाई मे प्रस्तुत करना होगा।

6 नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालयीन अवधि में देखी/प्राप्त की जा सकती है ।

7 आहुत की गई निविदा तिथियों को किसी कारणवश अवकाश घोषित होते है, तो निविदा कार्यवाही अग्रिम कार्य दिवस में संपन्न किये जायेगें । इसके लिये पृथक से सूचना जारी नहीं किये जायेगें ।

8 छत्तीसगढ शासन के पत्र कमांक 243/वि.नि./चार/2003 नया रायपुर 06 जुलाई 2013 के निर्देशानुसार राज्य में प्रोक्योरमेंट एवं कार्य संबंधी निविदाओं में सत्यनिष्ठा संधि का पालन करना होगा ।

9 सफल निविदाकार को कार्यादेश प्राप्ति के अनुसार समायावधि मे कार्य पूर्ण करना होगा।

10 आयकर वाणिज्यकर क्लीयरेश प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

11 फर्म/एंजेसी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

12 डिजाईनिंग कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

13 जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

14 दर प्रति युनिट समस्त करो सहित प्रस्तुत करना होगा।

15 सफल निविदाकार के तीन दिनों के भीतर अनुबंध करना अनिवार्य होगा।

16 किसी भी विवाद की स्थिति मे आयुक्त, नगर पालिक निगम राजनांदगांव निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

17 अन्य नियम व शर्ते कार्यालयीन अवधि मे प्राप्त किए जा सकते है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम राजनांदगांव

पृ.क्र. 769 /लोक–11/2018–19, राजनांदगांव दिनांक /7/2018

प्रतिलिपिः–

1. माननीय महापौर, नगर पालिक निगम राजनांदगांव को सादर सूचनार्थ ।
2. माननीय अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव की ओर सादर सूचनार्थ ।
3. सहायक जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव को सूचनार्थ ।
4. राजस्व अधिकारी नगर पालिक निगम राजनांदगांव को सूचनार्थ ।
5. प्रभारी अधिकारी डाटा सेंटर नगर पालिक निगम राजनांदगांव को सूचनार्थ एवं विभागीय एवं शासन के वेबसाईड में अपलोड किये जाने ।
6. कार्यालय .... नोटिस बोर्ड चस्पा हेतु ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम राजनांदगांव